Naidunia (Indore), 26th March 2026, Naidunia City, P- I

आइआइटी इंदौर में तीन नए कोर्स इसी सत्र से होंगे शुरू

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः आइआइटी इंदौर ने शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से तीन नए अंडरग्रेजुएट कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। ये कोर्स आधुनिक समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं और छात्रों को बहुविषयक (इंटरडिसिप्लिनरी) शिक्षा प्रदान करेंगे। पहला कार्यक्रम एप्लाइड एंड इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री में चार वर्षीय बीएस डिग्री है, जिसे रसायन विज्ञान विभाग से संचालित किया जाएगा। इसमें केमिस्ट्री के साथ इंजीनियरिंग और कंप्यूटेशनल तकनीकों के बारे में सिखाया जाएगा। इसमें एआइ, मशीन लर्निंग, फार्मास्यूटिकल्स, एनर्जी और मटेरियल्स जैसे क्षेत्रों पर खास ध्यान रहेगा। प्रवेश जेईई एडवांस्ड के pfj/s होगा। 20 सीटें उपलब्ध रहेंगी।

दूसरा कार्यक्रम एनवायरनमेंटल इकोनामिक्स एंड सस्टेनेबल इंजीनियरिंग में बी-टेक है, जिसमें 30 सीटें होंगी। यह कोर्स इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान और अर्थशास्त्र को एक साथ जोड़ता है। इसका उद्देश्य ऐसे छात्र तैयार करना है जो जलवायु परिवर्तन, जल संकट और पर्यावरण संरक्षण जैसी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकाल सकें। तीसरा कार्यक्रम बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड डेटा साइंस में बीटेक है, जिसमें भी 30 सीटें हैं। यह कोर्स हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग और डेटा साइंस को जोड़ता है। इसमें छात्र आधुनिक मेडिकल उपकरण, स्मार्ट वियरेबल्स व डेटा आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के बारे में सीखेंगे। निदेशक सुहास जोशी ने बताया कि ये नए कार्यक्रम ऐसे युवाओं को तैयार करेंगे जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों।